Title: Demand to repair and maintain the damaged canals for meeting the irrigation needs of Mirzapur constitutency.

श्रीमती फूलन देवी (मिर्जापुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र मिर्जापुर भदोही की सिंचाई के बारे में निवेदन करना चाहती हूं। मिर्जापुर में इलाहाबाद तक सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है जो अधवा बांध है और सरसी बांध है और दोनों बांधों से मिर्जापुर के 90 विधान सभा क्षेत्रों के लिए नहरें निकाली हैं। हर साल उन नहरों में टूट-फूट हो जाती है और उसके सुधारीकरण के लिए करोड़ों रुपया केन्द्र सरकार से दिया जाता है परंतु न तो नहरों की देख-रेख होती है और न ही उनका सुधारीकरण होता है। सारा पैसा घोटाले में चला जाता है। केन्द्रीय सरकार से मैं मांग करती हूं कि उत्तर प्रदेश सरकार के जो भी सिंचाई मंत्री हैं, उन्हें निर्देश दें कि जो नहरें टूटी पड़ी हैं और पानी फालतू बह जाता है, खेतों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलता है तो सिंचाई के अभाव में फसलें सूख जाती हैं। अभी धान लगी हुई है, पहाड़ी एरिया है। वैसे भी गरीब आदमी भुखमरी से मरता है और फसलें सूखने से और ज्यादा भुखमरी के कगार पर वे पहुंच जाते हैं। नहर विभाग वाले किसानों से उगाही तो करते हैं पर पानी सिंचाई के लिए नहीं दिया जाता है। वहां जो नहरें टूटी पड़ी हैं, उसके लिए नहरों का सुधार किया जाए, मरम्मत की जाए ताकि खेतों तक पानी अच्छी तरह से पहुंच सके। हम आपके माध्यम से सरकार से मांग करते हैं कि उत्तर प्रदेश के जो सिंचाई मंत्री हैं, उनको निर्देश दिया जाए कि जो नहरें टूटी पड़ी हैं, उनका सुधारीकरण किया जाए और सिंचाई के लिए उपयुक्त व्यवस्था की जाए।